13.12.2025 आकाशवाणी मध्यप्रदेश 2.10PM

प्रादेशिक समाचार

प्रधानमंत्री–जॉर्डन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोमवार को जॉर्डन की यात्रा पर रवाना होंगे। प्रधानमंत्री मोदी की यह यात्रा दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना के 75वें वर्ष के अवसर पर हो रही है। जॉर्डन नरेश अब्दुल्ला द्वितीय बिन अल हुसैन के निमंत्रण पर हो रही इस यात्रा में राजनीतिक, आर्थिक और रणनीतिक क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग की प्रगति की समीक्षा किए जाने की उम्मीद है, जिसमें विशेष रूप से पश्चिम एशिया में क्षेत्रीय स्थिरता पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

प्रवेश द्वार–मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने आज भोपाल जिले के फंदा में सम्राट विक्रमादित्य प्रवेश द्वार और पीएम ई–बस सेवा योजनांतर्गत अत्याधुनिक ई–बस डिपो का भूमि–पूजन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि सम्राट विक्रमादित्य प्रवेश द्वार के माध्यम से मध्यप्रदेश की सांस्कृतिक विरासत को आधुनिक शहरी विकास से जोड़ने का संदेश दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि भोपाल मेट्रोपोलिटन सिटी का विस्तार सीहोर,रायसेन,विदिशा जिले तक किया जायेगा।

किसान संगोष्ठी

केन्द्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान आज रायसेन जिले के ग्राम भगवंतपुरा में एक दिवसीय किसान संगोष्ठी में शामिल हुये। यह कार्यक्रम अनुसूचित जाति किसानों की आजीविका सुदृढ़ करने, वैज्ञानिक पशुपालन तकनीकों के प्रसार और उन्नत प्रबंधन पद्धतियों की जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। इस मौके पर केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि यह आयोजन ग्रामीण क्षेत्र के समग्र सामाजिक–आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगा।
कृषक संगोष्ठी में विशेषज्ञों द्वारा दुग्ध उत्पादन, पशुधन प्रजनन, पशु स्वास्थ्य, पोषण प्रबंधन तथा दुग्ध प्रसंस्करण से संबंधित व्याख्यान दिए गये।

लोक अदालत– मध्यप्रदेश

प्रदेश में सिविल, मोटर दुर्घटना, टैक्स, जैसे लंबित मामलों को आपसी समझौते से निपटाने के लिए आज लोक अदालत आयोजित की जा रही है। जिला भोपाल अंतर्गत न्यायालयों में सभी प्रकार के प्रकरणों के निराकरण के लिए कुल 61 खंडपीठों का गठन किया गया है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव सुनीत अग्रवाल ने बताया कि नेशनल लोक अदालत में कुल 18,872 लंबित राजीनामा योग्य प्रकरण रखे गये है।

जबलपुर,नर्मदापुरम सहित प्रदेश के अन्य जिलों में भी लोक अदालतों का आयोजन हो रहा है।

मौसम

उत्तर भारत में हो रही बर्फबारी के चलते प्रदेश इस बार कड़ाके की ठंड की चपेट में है। प्रदेश के कई हिस्सों में तापमान लगातार गिर रहा है । इंदौर में कल रात बीते दस वर्षों की सबसे ठंडी रात दर्ज की गई। राजधानी भोपाल में भी ठंड का असर साफ नजर आया। यहां न्यूनतम तापमान 7 डिग्री से नीचे बना हुआ है।

मौसम विभाग का कहना है कि फिलहाल अगले तीन दिनों तक शीतलहर का अलर्ट नहीं है, लेकिन ठंड से राहत मिलने की संभावना कम है।

संक्षिप्त समाचार

1 इंदौर महापौर पुष्यमित्र भार्गव को अखिल भारतीय महापौर परिषद में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वे आज गुजरात के सूरत में होने वाली राष्ट्रीय बैठक में पद एवं गोपनीयता की शपथ लेंगे।

2 उच्च शिक्षा मंत्री इन्दर सिंह आज पन्ना में शाम 4 बजे कलेक्टर सभाकक्ष मे राज्य सरकार के दो वर्ष के पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित प्रेस वार्ता में शामिल होंगे।

3 विद्युत उपभोक्ताओं को बकाया विद्युत बिलों में राहत प्रदान करने हेतु संचालित समाधान योजना के तहत आगरमालवा जिले के वितरण केन्द्रों पर शिविरों का आयोजन किया जायेगा।

4 बालाघाट में कलेक्टर की अध्यक्षता में कल जिला उपार्जन समिति की बैठक में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन की विस्तार से समीक्षा की गई ।